metagro

START IN UP
A Government of UP Initiative

# मेटा एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड

## कवच संरक्षण प्लान

# बाग प्रबंधन सेवा







## बाग आपका, वैज्ञानिक प्रबंधन हमारा

### हमारी सेवाएँ

- वैज्ञानिक बाग प्रबंधन
- मृदा परीक्षण एवं पोषण प्रबंधन
- रोग एवं कीट प्रबंधन
- छंटाई एवं कैनोपी प्रबंधन
- सिचाई प्रबंधन
- खाद एवं उर्वरक प्रबंधन
- प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन
- उत्पादन वृद्धि एवं गुणवत्ता सुधार

9236757677 , 9236727374

किसान चौपाल, मेटा एग्रीटेक प्रा. लि.
रहमानखेड़ा, मलिहाबाद, लखनऊ

सहयोगी संस्था – अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति, नवीपनाह, मलिहाबाद, लखनऊ – 9140883684

तकनीकी सहयोग – ICAR - केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमान खेड़ा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश

# metagro

# सेवा शुल्क

| क्र. सं. | सेवा कोड | सेवा का नाम | सेवा शुल्क (रुपये)* |
|---|---|---|---|
| 1 | KSP/IN/1 | वैज्ञानिक बाग निरीक्षण | ₹2,500 / विजिट एवं रिपोर्ट |
| 2 | KSP/ST/2 | मृदा परीक्षण एवं पोषण प्रबंधन | ₹2,500 / सैंपल |
| 3 | KSP/LP/3 | मुख्य तने की सुरक्षात्मक लेप | ₹150 / पेड़ |
| 4 | KSP/CM/LP/4 | हल्की छंटाई | ₹750 / पेड़ |
| 5 | KSP/CM/G/4 | गर्डलिंग | ₹750 / पेड़ |
| 6 | KSP/CM/WO/4 | विंडो ओपनिंग | ₹900 / पेड़ |
| 7 | KSP/CM/CO/4 | सेंटर ओपनिंग | ₹750 / पेड़ |
| 8 | KSP/CM/HB/4 | हेडिंग बैक | ₹1,000 / पेड़ |
| 9 | KSP/CM/R/4 | पुराने एवं अनुत्पादक बागों का जीर्णोद्धार | ₹1,400 / पेड़ |
| 10 | KSP/CM/T/4 | थिनिंग | ₹750 / पेड़ |
| 11 | KSP/TO/5 | टॉप वर्किंग द्वारा किस्म परिवर्तन | ₹5000 / 30 कलम |
| 12 | KSP/IP/B/6 | आम बोरर नियंत्रण सेवा | ₹5000 / 30 होल |
| 13 | KSP/D/W/7 | उकठा रोग प्रबंधन | ₹2,500 / पेड़ |
| 14 | KSP/IC/8 | बागों में अन्त:फसल खेती की सलाह | ₹5,000 / एकड़ |
| 15 | KSP/OE/9 | वैज्ञानिक बाग स्थापना | ₹400 / पौधा |
| 16 | KSP/OM/10 | वैज्ञानिक बाग प्रबंधन सेवा | ₹15000 / एकड़ |
| 17 | K/FSB/11 | कवच फल सुरक्षा बैग | ₹ / Pc |
| 18 | KSP/T&V/12 | प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन सेवा | ₹ 51 / प्रतिभागी |

## नियम एवं शर्तें*

1. **परिवहन शुल्क:** Meta Agro कार्यालय से 30 किमी से अधिक दूरी वाले बागों के लिए आने-जाने का परिवहन शुल्क अतिरिक्त लिया जाएगा।

2. **प्रारंभिक बाग निरीक्षण:** Meta Agro सेवा को शुरु करने से पहले सर्वप्रथम वैज्ञानिक बाग निरीक्षण (KSP/IN/1) किया जाएगा। निरीक्षण के आधार पर बाग की समस्या, आवश्यक सेवा, कार्य एवं लागत का प्रस्ताव दिया जाएगा

3. **सेवा शुल्क:** ऊपर दिए गए शुल्क निर्धारित सेवा के आधार पर हैं। कार्य की वास्तविक स्थिति एवं आवश्यकता के अनुसार सेवा का दर, नियम एवं शर्तें लागू होंगी।

4. **अतिरिक्त कार्य:** निर्धारित सेवा के अतिरिक्त किसी अन्य कार्य की आवश्यकता होने पर उसका शुल्क अलग से लागू होगा।

5. **सेवा का कार्यान्वयन:** संबंधित कार्य पूर्व निरीक्षण, तकनीकी अनुशंसा एवं निर्धारित कार्य-प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा।

6. **संशोधन का अधिकार:** सेवा शुल्क एवं कार्य-क्षेत्र में परिवर्तन होने पर Meta Agro द्वारा समय-समय पर संशोधन किया जा सकता है।


☎ 9236757677 , 9236727374

किसान चौपाल, मेटा एग्रीटेक प्रा. लि.
रहमानखेड़ा, मलिहाबाद, लखनऊ



तकनीकी सहयोग – ICAR - केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमान खेड़ा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
सहयोगी संस्था – अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति, नवीपनाह, मलिहाबाद, लखनऊ

metagro

# वैज्ञानिक बाग निरीक्षण

" अनुमान नहीं, वैज्ञानिक सलाह से बाग का प्रबंधन।



पहले समस्या समझें, फिर खर्च करें। मिट्टी, पेड़, कैनोपी, पोषण, सिंचाई, कीट-रोग एवं उत्पादन की स्थिति का वैज्ञानिक निरीक्षण कर बाग के लिए सही प्रबंधन की दिशा तय करें।

## प्रमुख समस्या

- बाग की वास्तविक समस्याओं की सही पहचान न होना।
- बिना आवश्यकता के खाद, दवा या अन्य कृषि इनपुट का प्रयोग।
- कीट एवं रोग की समय पर पहचान न होना।
- पेड़ का छत्र प्रबंधन न हो पाना।
- समस्या के अनुसार सही सेवा का चयन न कर पाना।

## हमारा समाधान

1. **बाग का प्राथमिक निरीक्षण** पूरे बाग का सर्वे एवं प्रमुख समस्याओं का प्रारंभिक आकलन।
2. **पेड़ एवं बाग स्वास्थ्य का मूल्यांकन** वृद्धि, कैनोपी, पोषण, कीट-रोग, फल विकास, सिंचाई एवं मिट्टी की स्थिति
3. **सेवा प्रस्ताव तैयार करना** निरीक्षण के आधार पर बाग की स्थिति, प्रमुख समस्याएँ एवं सुधार की प्राथमिकताएँ निर्धारित करना।
4. **किसान को सेवा का प्रस्ताव एवं सलाह** रिपोर्ट के अनुसार आवश्यक सेवाओं एवं कार्यों का प्रस्ताव किसान के साथ साझा करना।
5. **आवश्यकता अनुसार कार्यान्वयन** किसान द्वारा चयनित सेवा पर विशेषज्ञों की निगरानी मेंवैज्ञानिक तरीके से कार्य करना।

## प्रमुख लाभ

- बाग की समस्याओं की सही पहचान
- आवश्यकता के अनुसार सही सेवा का चयन
- अनावश्यक लागत एवं इनपुट उपयोग में कमी
- पेड़ों के स्वास्थ्य एवं उत्पादकता में सुधार
- बेहतर उत्पादन, गुणवत्ता एवं लाभ



पहले



बाद में

अपने बाग की उत्पादकता बढ़ाइए!
आज ही Meta Agro की
सेवा का लाभ उठाइए।

**9236757677 , 9236727374**

किसान चौपाल, मेटा एग्रीटेक प्रा. लि.
रहमानखेड़ा, मलिहाबाद, लखनऊ

META AGRO APP
Scan to Download

MetaAgro iFarm App • Smart Farming Partner

metagro

सही पोषण,
स्वस्थ पेड़,
भरपूर फल

# मृदा परीक्षण एवं पोषण प्रबंधन



**मिट्टी की स्थिति और फसल की आवश्यकता के अनुसार वैज्ञानिक एवं संतुलित पोषण प्रबंधन अपनाकर पौधों की वृद्धि, फल गुणवत्ता और उत्पादन में सुधार करें।** बाग एवं खेत में खाद और उर्वरकों का प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित मात्रा में करना आवश्यक है। मृदा में उपलब्ध पोषक तत्वों की सही जानकारी के बिना उर्वरकों का प्रयोग करने से अनावश्यक लागत बढ़ सकती है और पौधों की वृद्धि एवं उत्पादन प्रभावित हो सकता है।

## प्रमुख लक्षण

- मृदा परीक्षण के बिना खाद एवं उर्वरकों का असंतुलित प्रयोग।
- मिट्टी मेंपोषक तत्वों की कमी या अधिकता का सही पता न चलना।
- अनावश्यक उर्वरक प्रयोग से उत्पादन लागत बढ़ना।
- पौधों की वृद्धि, फल आकार एवं गुणवत्ता प्रभावित होना।
- मिट्टी की उर्वरता एवं स्वास्थ्य में लगातार कमी आना।

## हमारा समाधान

1. **वैज्ञानिक मृदा नमूना संग्रह** वैज्ञानिक प्रक्रिया से मिट्टी के नमूने एकत्र कर मृदा परीक्षण।
2. **मृदा स्वास्थ्य एवं पोषक तत्वों का आकलन** परीक्षण रिपोर्टकेआधार पर उपलब्ध पोषक तत्वों की पहचान।
3. **फसल आवश्यकता आधारित पोषण सलाह** संतुलित खाद एवं उर्वरक प्रबंधन की अनुशंसा।
4. **संतुलित खाद एवं उर्वरक प्रयोग** उचित मात्रा एवं सही तरीके से खाद एवं उर्वरकों के प्रयोग में मार्गदर्शन।
5. **विशेषज्ञ मार्गदर्शन एवं निगरानी** आवश्यकता अनुसार आगे की सलाह।

## प्रमुख लाभ

- ✓ स्वस्थ पौधों की बेहतर वृद्धि एवं विकास
- ✓ फल आकार, गुणवत्ता एवं उत्पादन में सुधार
- ✓ पोषक तत्वों की कमी एवं अधिकता की पहचान
- ✓ अनावश्यक उर्वरक लागत में कमी
- ✓ मिट्टी की उर्वरता एवं स्वास्थ्य बनाए रखने में सहायता







अपने बाग की उत्पादकता बढ़ाइए!
आज ही Meta Agro की
सेवा का लाभ उठाइए।

**9236757677 , 9236727374**

किसान चौपाल, मेटा एग्रीटेक प्रा. लि.
रहमानखेड़ा, मलिहाबाद, लखनऊ

META AGRO APP
Scan to Download

MetaAgro iFarm App • Smart Farming Partner

metagro

# मुख्य तने की सुरक्षात्मक लेप

"मुख्य शाखाओं की सुरक्षा करें पेड़ को स्वस्थ और उत्पादक बनाएं"



आम के पेड़ों के मुख्य तनेपर ICAR CISH - द्वारा अनुशंसित फफूंदनाशक का सुरक्षात्मक लेप लगाया जाता है। यह पुताई तने की दरारों एवं सतह को सुरक्षित रखने, फफूंद संक्रमण के जोखिम को कम करने तथा तना एवं शाखा भेदक कीटों के प्रबंधन में सहायता करती है, जिससे पेड़ के स्वास्थ्य एवं उत्पादकता को बनाए रखने में मदद मिलती है।

## प्रमुख समस्या

- मुख्य तने पर फफूंद संक्रमण एवं उकठा रोग का जोखिम
- तना एवं शाखा भेदक बोरर कीटों का प्रकोप
- तेज धूप के कारण तने पर सनबर्न एवं छाल फटने का जोखिम
- शाखाओं पर घाव/क्षति केकारण संक्रमण का जोखिम बढ़ना
- कीट एवं फफूंद के प्रकोप से पेड़ का स्वास्थ्य एवं उत्पादकता प्रभावित होना

## हमारा समाधान

1. **मुख्य तनों का निरीक्षण** मुख्य तनों पर फफूंद संक्रमण एवं बोरर कीट का निरीक्षण।
2. **पेड़ों की नंबरिंग**
   पेड़ों की नंबरिंग द्वारा पेड़ की पहचान एवं निगरानी।
3. **ICAR CISH -** द्वारा अनुशंसित फफूंदनाशक का लेप
   विशेषज्ञ सलाह केअनुसार उपयुक्त लेप तैयार करना।
4. **मुख्य तने एवं शाखाओं की पुताई** जमीन से4 फीट तक मुख्य तनेपर फफूंदनाशक का लेप
5. **उपचार उपरांत सलाह**
   कीट एवं फफूंद संक्रमण की तकनीकी सलाह।

## प्रमुख लाभ

- तने पर सनबर्न एवं छाल फटने से बचाव
- फफूंद संक्रमण के जोखिम को कम करना
- बोरर एवं तना-भेदक कीटों के प्रबंधन में सहायता
- मुख्य तने एवं शाखाओं की सुरक्षा मेंसहायता
- पेड़ों की पहचान एवं निगरानी में सुविधा


पहले


बाद में

अपने बाग की उत्पादकता बढ़ाइए!
आज ही Meta Agro की
सेवा का लाभ उठाइए।

**9236757677 , 9236727374**

किसान चौपाल, मेटा एग्रीटेक प्रा. लि.
रहमानखेड़ा, मलिहाबाद, लखनऊ

META AGRO APP
Scan to Download

MetaAgro iFarm App • Smart Farming Partner

metagro

# हल्की छंटाई

“ छोटे पेड़ को दें सही आकार, भविष्य ” में बेहतर बाग।



**सही शाखा रखें, सही दिशा दें। वैज्ञानिक हल्की छंटाई सेपेड़ को संतुलित, खुला और अधिक उत्पादक बनाने की शुरुआत करें।**

पौधे की प्रारंभिक अवस्था से लेकर लगभग 15 वर्ष से छोटी उम्र के पौधों में वैज्ञानिक तरीके से हल्की छंटाई कर उचित आकार, मजबूत संरचना एवं संतुलित कैनोपी विकसित की जाती है। इससे पेड़ का आकार नियंत्रित रहता है, प्रकाश एवं हवा का संचार बेहतर होता है और गुणवत्तापूर्ण फल उत्पादन में सहायता मिलती है।

## प्रमुख समस्या

- छोटी उम्र में छंटाई न होने से पौधे का आकार एवं संरचना सही नहीं बन पाना
- पौधे का ऊपर की ओर बढ़ना, जिससे भविष्य में प्रबंधन कठिन होना
- अनावश्यक ए वं अत्यधिक शाखाओं केकारण कैनोपी का घना होना
- घनी कैनोपी केकारण रोग एवं कीटों का प्रकोप बढ़ना
- प्रकाश एवं हवा का उचित संचार न हो पाना
- भविष्य में भारी छंटाई की आवश्यकता बढ़ना

## हमारा समाधान

1. **पौधे की कैनोपी का निरीक्षण** पौधे की उम्र, वृद्धि एवं वर्तमान संरचना का आकलन।
2. **अनावश्यक शाखाओं का चयन** अवांछित, कमजोर एवं गलत दिशा मेंबढ़ने वाली शाखाओं की पहचान।
3. **ICAR CISH मानकों के अनुसार हल्की छंटाई** पौधे की आवश्यकता के अनुसार उचित समय एवं वैज्ञानिक विधि से हल्की छंटाई।
4. **छंटाई उप रांत कटे हुए भागों का उपचार** छंटाई के बाद कटे हुए भागों पर अनुशंसित उपचार।
5. **संतुलित आकार एवं मजबूत संरचना** पौधे को उचित ऊँचाई, आकार एवं शाखा संरचना प्रदान करना।

## प्रमुख लाभ

- ✓ छोटी उम्र से सही आकार एवं मजबूत संरचना का विकास
- ✓ पेड़ का आकार छोटा एवं संतुलित रहता है
- ✓ संतुलित कैनोपी एवं बेहतर हवा एवं प्रकाश का संचार
- ✓ भविष्य में भारी छंटाई की आवश्यकता कम होती है
- ✓ उत्पादकता एवं आर्थिक लाभ लंबे समय तक बनी रहती है








अपने बाग की उत्पादकता बढ़ाइए!
आज ही Meta Agro की
सेवा का लाभ उठाइए।

**9236757677 , 9236727374**

किसान चौपाल, मेटा एग्रीटेक प्रा. लि.
रहमानखेड़ा, मलिहाबाद, लखनऊ

META AGRO APP
Scan to Download
MetaAgro iFarm App • Smart Farming Partner



तकनीकी सहयोग – ICAR - केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमान खेड़ा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
सहयोगी संस्था – अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति, नवीपनाह, मलिहाबाद, लखनऊ

# गर्डलिंग

छंटाई से पहले नई शाखाओं का विकास वैज्ञानिक गर्डलिंग के साथ।



ICAR CISH - द्वारा विकसित तकनीक के अनुसार, जिन आम के पेड़ों में निर्धारित ऊँचाई तक पर्याप्त पत्तियों का समूह या पर्याप्त शाखाएँ नहीं होती हैं, उनमें चयनित शाखाओं पर प्रशिक्षित विशेषज्ञ द्वारा वैज्ञानिक विधि से गर्डलिंग किया जाता है। यह कार्य छंटाई से 2–3 महीने पहले किया जाता है। उचित प्रबंधन के बाद नई कल्ले एवं शाखाएँ विकसित होने पर वैज्ञानिक छत्र प्रबंधन का कार्य किया जाता है।

## प्रमुख लक्षण

- पेड़ की ऊँचाई अधिक होना
- निर्धारित ऊँचाई पर पत्तियों एवं नई शाखाओं की कमी
- पर्याप्त पर्णसमूह न होने के कारण वैज्ञानिक छत्र प्रबंधन न हो पाना
- पर्याप्त धूप न मिलने के कारण शाखाओं का ऊपर की तरफ बढ़ना
- धूप एवं हवा का उचित संचार न हो पाना
- कीट एवं रोग प्रबंधन की लागत बढ़ना

## हमारा समाधान

1. **पेड़ का वैज्ञानिक निरीक्षण**
   पेड़ की ऊँचाई, संरचना एवं पर्णसमूह का आकलन
2. **ICAR CISH मानकों के अनुसार गर्डलिंग**
   गर्डलिंग हेतु शाखाओं का चयन
3. **प्रशिक्षित विशेषज्ञ द्वारा गर्डलिंग**
   विशेषज्ञ की निगरानी में गर्डलिंग का कार्य
4. **नए कल्ले का विकास** गर्डलिंग के बाद नई कल्ले, शाखाओं के विकास को प्रोत्साहित करना।
5. **नई शाखाएँ विकसित होनेके बाद छंटाई**
   नई शाखाएँएवं पर्याप्त पत्ती होनेकेबाद वैज्ञानिक छंटाई।

## लाभ

- निर्धारित ऊँचाई पर नई शाखाओं के विकास मेंसहायता
- पेड़ की कैनोपी को संतुलित एवं व्यवस्थित करने मेंसुविधा
- वैज्ञानिक छंटाई एवं छत्र प्रबंधन के लिए बेहतर आधार
- पेड़ के अंदर प्रकाश एवं हवा का बेहतर संचार
- गर्डलिंग द्वारा उत्पादक शाखाओं में वृद्धि



पहले



बाद में

अपने बाग की उत्पादकता बढ़ाइए!
आज ही Meta Agro की
सेवा का लाभ उठाइए।

**9236757677 , 9236727374**

किसान चौपाल, मेटा एग्रीटेक प्रा. लि.
रहमानखेड़ा, मलिहाबाद, लखनऊ

META AGRO APP
Scan to Download

MetaAgro iFarm App • Smart Farming Partner

“ कैनोपी खोलिए, बाग ” की उत्पादक क्षमता बढ़ाइए

# विंडो ओपनिंग



आम के बाग में जब पेड़ों की बाहरी शाखाएँ आपस में मिलने लगती हैं, तो पेड़ के अंदर धूप एवं हवा का पर्याप्त संचार नहीं हो पाता। ऐसी स्थिति में बाहरी शाखाओं की वैज्ञानिक छंटाई कर विंडो ओपनिंग बनाई जाती है।

## प्रमुख लक्षण

- पेड़ों की बाहरी शाखाओं का आपस में मिलना
- कैनोपी के अंदर धूप एवं हवा का पर्याप्त संचार न होना
- घनी कैनोपी के कारण कीट एवं रोगों का प्रकोप बढ़ना
- फल उत्पादन एवं गुणवत्ता प्रभावित होना
- बैगिंग, आम की तुड़ाई में कठिनाई
- दवाओं एवं बाग प्रबंधन की लागत बढ़ना

## हमारा समाधान

1. **बाग का निरीक्षण एवं शाखाओं का चयन** विशेषज्ञ टीम द्वारा बाग एवं पेड़ों का विस्तृत आकलन।
2. - **ICAR CISH** मानकों के अनुसार विंडो ओपनिंग वैज्ञानिक तरीके से उपयुक्त शाखाओं का चयन।
3. **मशीन के द्वारा विंडो ओपनिंग** मशीन से वैज्ञानिक विधि द्वारा छंटाई।
4. **छंटाई उप रांत उपचार** छंटाई के बाद कटे भागों का उपचार।
5. **विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन और निगरानी** छंटाई उपरांत विशेषज्ञों द्वारा निरीक्षण एवं सलाह।

## प्रमुख लाभ

- पेड़ के अंदर धूप एवं हवा का बेहतर संचार
- कीट एवं रोग प्रबंधन में सहायता
- फल केआकार, रंग एवं गुणवत्ता में सुधार
- अन्त: फसल से अतिरिक्त आय
- बाग में स्प्रे, बैगिंग एवं फल तुड़ाई जैसे कार्यों में सुविधा


पहले


बाद में


अपने बाग की उत्पादकता बढ़ाइए! आज ही Meta Agro की सेवा का लाभ उठाइए।

9236757677 , 9236727374

किसान चौपाल, मेटा एग्रीटेक प्रा. लि. रहमानखेड़ा, मलिहाबाद, लखनऊ

META AGRO APP
Scan to Download
MetaAgro iFarm App • Smart Farming Partner



तकनीकी सहयोग – ICAR - केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमान खेड़ा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
सहयोगी संस्था – अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति, नवीपनाह, मलिहाबाद, लखनऊ

**metagro**

“कैनोपी के बीच खुला स्थान, बेहतर धूप और हवा का संचार।”

# सेंटर ओपनिंग



**आम के पेड़ की बीच से ऊपर की ओर बढ़ने वाली प्रमुख एक शाखा की वैज्ञानिक छंटाई करके पेड़ के मध्य भाग को खुला किया जाता है। इससे पेड़ के अंदर धूप एवं हवा का बेहतर संचार होता है ।**

## प्रमुख लक्षण

- बाग में पेड़ों की घनी एवं अनियंत्रित कैनोपी होना
- पर्याप्त धूप न मिलने के कारण शाखाओं का ऊपर की तरफ बढ़ना
- धूप एवं हवा का उचित संचार न हो पाना
- कीट ए वं रोग प्रबंधन की लागत बढ़ना
- उत्पादन एवं आम का छोटा होना
- फल उत्पादन एवं गुणवत्ता प्रभावित होना

## हमारा समाधान

1. **बाग का निरीक्षण एवं शाखाओं का चयन** विशेषज्ञ टीम द्वारा बाग एवं पेड़ों का विस्तृत आकलन।
2. **ICAR - CISH** मानकों के अनुसार सेंटर ओपनिंग वैज्ञानिक तरीके से उपयुक्त शाखाओं का चयन।
3. **मशीन के द्वारा सेंटर ओपनिंग** मशीन से वैज्ञानिक विधि द्वारा छंटाई।
4. **छंटाई उपरांत उपचार** छंटाई के बाद कटे भागों का उपचार।
5. **विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन और निगरानी** छंटाई उपरांत विशेषज्ञों द्वारा निरीक्षण एवं सलाह।

## प्रमुख लाभ

- ✓ पेड़ के अंदर धूप एवं हवा का बेहतर संचार
- ✓ रोग एवं कीट प्रबंधन की लागत में कमी
- ✓ फल उत्पादन एवं गुणवत्ता में सुधार
- ✓ अन्त: फसल से अतिरिक्त आय
- ✓ बैगिंग, आम की तुड़ा ई में लागत की कमी



पहले



बाद में

अपने बाग की उत्पादकता बढ़ाइए!
आज ही Meta Agro की
सेवा का लाभ उठाइए।

**9236757677 , 9236727374**

किसान चौपाल, मेटा एग्रीटेक प्रा. लि.
रहमानखेड़ा, मलिहाबाद, लखनऊ

META AGRO APP
Scan to Download

MetaAgro iFarm App • Smart Farming Partner

**तकनीकी सहयोग – ICAR - केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमान खेड़ा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश**

**सहयोगी संस्था – अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति, नवीपनाह, मलिहाबाद, लखनऊ**

“ ऊँचाई नियंत्रित करें, बाग प्रबंधन आसान बनाएं

# हेडिंग बैक



आम के पेड़ की ऊपरी शाखाओं के अग्र भाग को निर्धारित ऊँचाई एवं लंबाई पर वैज्ञानिक तरीके से काटकर पेड़ की ऊँचाई को नियंत्रित किया जाता है। इस प्रक्रिया को हेडिंग बैक कहा जाता है। इससे ऊपरी बढ़वार नियंत्रित होती है और पार्श्व शाखाओं के विकास को प्रोत्साहन मिलता है, जिससे संतुलित कैनोपी विकसित करने में सहायता मिलती है।

## प्रमुख लक्षण

- पेड़ों की ऊँचाई का अनियंत्रित रूप से बढ़ना
- ऊपरी कैनोपी का अत्यधिक घना एवं अनियंत्रित होना
- धूप एवं हवा का पर्याप्त संचार न होना
- कीटनाशक का प्रभावी एवं समान छिड़काव कठिन होना
- दवा का कैनोपी के ऊपरी हिस्से तक न पहुँचना
- आम की तुड़ाई एवं बाग प्रबंधन में कठिनाई होना

## हमारा समाधान

1. **बाग का निरीक्षण एवं शाखाओं का चयन**
   विशेषज्ञ टीम द्वारा बाग एवं पेड़ों का विस्तृत आकलन।
2. **ICAR-CISH मानकों के अनुसार हेडिंग बैक**
   पेड़ की संरचना के अनुसार ऊँचाई का निर्धारण।
3. **मशीन द्वारा हेडिंग बैक**
   मशीन द्वारा वैज्ञानिक एवं संतुलित छंटाई।
4. **छंटाई उपरांत उपचार**
   छंटाई के बाद कटे भागों का उपचार।
5. **विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन और निगरानी**
   छंटाई उपरांत विशेषज्ञों द्वारा निरीक्षण एवं सलाह।

## प्रमुख लाभ

- पेड़ की ऊँचाई नियंत्रित करने में सहायता
- कैनोपी में धूप एवं हवा का बेहतर संचार
- ड्रोन द्वारा पौध संरक्षण स्प्रे का बेहतर कवरेज
- आम की तुड़ाई एवं बाग प्रबंधन आसान
- श्रम एवं प्रबंधन लागत में कमी



पहले



बाद में


अपने बाग की उत्पादकता बढ़ाइए!
आज ही Meta Agro की
सेवा का लाभ उठाइए।

**9236757677 , 9236727374**

किसान चौपाल, मेटा एग्रीटेक प्रा. लि.
रहमानखेड़ा, मलिहाबाद, लखनऊ

META AGRO APP
Scan to Download
MetaAgro iFarm App • Smart Farming Partner



तकनीकी सहयोग – ICAR - केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमान खेड़ा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
सहयोगी संस्था – अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति, नवीपनाह, मलिहाबाद, लखनऊ

metagro

# पुराने एवं अनुत्पादक बागों का जीर्णोद्धार

पुराने बाग को दें नया जीवन, बढ़ाएं उत्पादन और आय



अत्यधिक पुराने और कम उत्पादक पेड़ों को वैज्ञानिक छंटाई एवं संरचनात्मक प्रबंधन से फिर से उत्पादक अवस्था में लाने का प्रयास करें। पुराना पेड़ काटने से पहले जीणोद्धार पर विचार करें। वैज्ञानिक जीणोद्धार से छत्र प्रबंधन द्वारा बाग के उत्पादकता सुधारने की दिशा में काम करें।

## प्रमुख समस्याऐं

- पेड़ों की अत्यधिक ऊंचाई एवं अनियंत्रित शाखाएं।
- पेड़ों के अंदर धूप एवं हवा का संचार कम होना।
- अनुत्पादक एवं पुरानी शाखाएं।
- कीट एवं रोगों का बढ़ता प्रकोप।
- दवा का प्रभाव ठीक से नहीं होना।
- फल तुड़ाई एवं बैगिंग में कठिनाई एवं अधिक श्रम लागत।
- अत्यधिक घनी छत्र के कारण फल उत्पादन एवं गुणवत्ता कम होना ।
- बाग से होने वाली आय में लगातार कमी ।
- ICAR-CISH के मानकों के अनुसार छंटाई न होना ।
- वन विभाग एंव उद्यान विभाग से अनुमति लेने में कटाई छटाई के लिए कठिनाई

## हमारा समाधान

1. **बाग का निरीक्षण एवं शाखाओं का चयन**
   विशेषज्ञ टीम द्वारा बाग एवं पेड़ों का विस्तृत आकलन



2. **ICAR-CISH मानकों के अनुसार जीर्णोद्धार**
   वैज्ञानिक तरीके से उपयुक्त शाखाओं का चयन



3. **मशीन के द्वारा जीर्णोद्धार**
   मशीन से वैज्ञानिक विधि द्वारा छंटाई



4. **कीट एवं रोग प्रबंधन**
   छंटाई के बाद कटे भागों का उपचार



5. **विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन और निगरानी**
   छंटाई उपरांत विशेषज्ञों द्वारा निरिक्षण एवं सलाह



## प्रमुख लाभ

- पेड़ों में धूप एवं हवा का बेहतर संचार
- रोग एवं कीट प्रबंधन में लागत की कमी
- फल उत्पादन एवं गुणवत्ता में सुधार
- नई वृद्धि को बढ़ावा एवं कैनोपी का संतुलन
- तोड़ाई एवं प्रबंधन कार्य में सुविधा एवं समय की बचत

पहले



अत्यधिक ऊँचाई, धूप कम, प्रबंधन में कठिनाई

बाद में



नियंत्रित ऊँचाई, धूप अधिक, उत्पादन बेहतर

अपने बाग की उत्पादकता बढ़ाइए!
आज ही Meta Agro की
सेवा का लाभ उठाइए।

**9236757677 , 9236727374**

किसान चौपाल, मेटा एग्रीटेक प्रा. लि.
रहमानखेड़ा, मलिहाबाद, लखनऊ

META AGRO APP
Scan to Download

तकनीकी सहयोग – ICAR - केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमान खेड़ा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
सहयोगी संस्था – अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति, नवीपनाह, मलिहाबाद, लखनऊ

metagro

# शाखाओं की थिनिंग

" सही शाखा चुनें, अनावश्यक शाखा हटाएं, पेड़ की ऊर्जा फल उत्पादन में लगाएं।



छंटाई/जीर्णोद्धार के बाद पेड़ों पर अत्यधिक संख्या में नई कल्ले एवं शाखाएँ निकलती हैं, जिनमें केवल चयनित मजबूत एवं सही दिशा में बढ़ने वाली शाखाओं को छोड़कर अनावश्यक, कमजोर एवं अवांछित शाखाओं को थिनिंग करके हटाया जाना आवश्यक होता है। इससे पेड़ की ऊर्जा को उत्पादक शाखाओं की ओर केंद्रित करने तथा संतुलित कैनोपी विकसित करने में सहायता मिलती है।

## प्रमुख समस्याऐं

- छंटाई/जीर्णोद्धार के बाद अत्यधिक शाखाओं का निकलना
- अनावश्यक एवं अत्यधिक शाखाओं के कारण कैनोपी का घना होना
- पेड़ के अंदर धूप एवं हवा का पर्याप्त संचार न होना
- अत्यधिक वानस्पतिक वृद्धि के कारण फूल एवं फल कम आना

## हमारा समाधान

1. **बाग का निरीक्षण एवं शाखाओं का चयन**
   विशेषज्ञ टीम द्वारा बाग एवं पेड़ों का विस्तृत आकलन।
2. **ICAR-CISH मानकों के अनुसार थिनिंग**
   मजबूत, स्वस्थ एवं सही दिशा में बढ़ने वाली शाखाओं का चयन।
3. **अनावश्यक शाखाओं की थिनिंग**
   कमजोर एवं अंदर की ओर बढ़ने वाली शाखाओं की थिनिंग।
4. **छंटाई उपरांत उपचार**
   छंटाई के बाद कटे भागों का उपचार।
5. **विशेषज्ञ मार्गदर्शन** कैनोपी विकास एवं फल उत्पादन के लिए तकनीकी सलाह।

## प्रमुख लाभ

- ✓ अनावश्यक वानस्पतिक वृद्धि का नियंत्रण
- ✓ पेड़ की ऊर्जा को उत्पादक शाखाओं में केंद्रित करना
- ✓ छंटाई/जीर्णोद्धार के बाद थिनिंग से 2 से 3 वर्ष में ही उत्पादन
- ✓ संतुलित एवं स्वस्थ कैनोपी के विकास में सहायता
- ✓ उत्पादन एवं फल की गुणवत्ता में वृद्धि







अपने बाग की उत्पादकता बढ़ाइए!
आज ही Meta Agro की
सेवा का लाभ उठाइए।


**9236757677 , 9236727374**

किसान चौपाल, मेटा एग्रीटेक प्रा. लि.
रहमानखेड़ा, मलिहाबाद, लखनऊ


META AGRO APP
Scan to Download


तकनीकी सहयोग – ICAR - केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमान खेड़ा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
सहयोगी संस्था – अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति, नवीपनाह, मलिहाबाद, लखनऊ

# टॉप वर्किंग द्वारा किस्म परिवर्तन

पुराने पेड़ को नई व्यावसायिक किस्म में बदलें बिना पेड़ हटाए।



बाग वही, कमाई की संभावना नई। वैज्ञानिक प्रजाति परिवर्तन के माध्यम से एक ही पेड़ पर बहु-किस्म उत्पादन और अलग-अलग समय पर फल उपलब्धता की योजना बनाएं। पुराने देशी, बीजू या कम व्यावसायिक मूल्य वाले आम के पेड़ों को वैज्ञानिक छंटाई एवं ग्राफ्टिंग के माध्यम से नई व्यावसायिक किस्मों में परिवर्तित किया जाता है। छंटाई के बाद विकसित नई एवं स्वस्थ कल्लियों पर प्रशिक्षित ग्राफ्टर द्वारा इच्छित किस्म की कलम लगाई जाती है। आवश्यकता के अनुसार एक ही पुराने पेड़ पर एक या एक से अधिक किस्मों की ग्राफ्टिंग कर बहु-किस्मीय पेड़ तैयार किया जा सकता है।

## प्रमुख समस्याऐं

- देशी/बीजू आम को बाजार में अपेक्षाकृत कम मूल्य मिलना।
- पुराने पेड़ों का अत्यधिक बड़ा हो जाने से प्रबंधन एवं फल तुड़ाई कठिन होना।
- पुराने एवं कम उत्पादक पेड़ों से अपेक्षित आर्थिक लाभ न मिल पाना।
- पुराने पेड़ों की कम व्यावसायिक उपयोगिता के कारण बाग की लाभप्रदता कम होना।
- नई व्यावसायिक किस्मों को अपनाने के लिए पुराने पेड़ों को हटाने की जरूरत नहीं।

## हमारा समाधान

1. **वैज्ञानिक छंटाई एवं पेड़ की तैयारी**
   पुराने पेड़ की वैज्ञानिक छंटाई कर नई स्वस्थ शाखाओं की तैयारी।
2. **प्रशिक्षित ग्राफ्टर द्वारा ग्राफ्टिंग**
   प्रशिक्षित ग्राफ्टर द्वारा वैज्ञानिक तरीके से ग्राफ्टिंग।
3. **व्यावसायिक एवं रंगीन किस्मों का चयन**
   उच्च गुणवत्ता वाली किस्म की कलम का उपयोग।
4. **बहु-किस्मीय किस्म परिवर्तन**
   पुराने पेड़ पर एक या अधिक आम की किस्मों की ग्राफ्टिंग।
5. **ग्राफ्ट के बाद प्रबंधन एवं निगरानी**
   ग्राफ्टिंग के बाद नई शाखाओं के विकास के लिए तकनीकी मार्गदर्शन।

## प्रमुख लाभ

- पुराने पेड़ को काटे बिना व्यावसायिक किस्म में परिवर्तन
- एक ही पेड़ पर कई किस्मों का उत्पादन
- पेड़ का आकार नियंत्रित होने से प्रबंधन, बैगिंग एवं फल तुड़ाई में सुविधा
- नए पौधे लगाने की आवश्यकता न होने से समय एवं लागत की बचत
- पुराने पेड़ की उत्पादकता एवं आय बढ़ाने में सहायता


पहले


बाद में

अपने बाग की उत्पादकता बढ़ाइए!
आज ही Meta Agro की
सेवा का लाभ उठाइए।

**9236757677 , 9236727374**

किसान चौपाल, मेटा एग्रीटेक प्रा. लि.
रहमानखेड़ा, मलिहाबाद, लखनऊ

META AGRO APP
Scan to Download

MetaAgro iFarm App • Smart Farming Partner

तकनीकी सहयोग – ICAR - केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमान खेड़ा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
सहयोगी संस्था – अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति, नवीपनाह, मलिहाबाद, लखनऊ

metagro

"तने को सुरक्षित रखें, पेड़ को लंबे समय तक स्वस्थ रखें।"

# आम बोरर नियंत्रण सेवा



**तने और मोटी शाखाओं में बोरर के लक्षण दिखाई दें तो समय पर वैज्ञानिक पहचान, उपचार के माध्यम से पेड़ की सुरक्षा करें।**

मैंगो स्टेम/ट्रंक बोरर आम के तने और मोटी शाखाओं में सुरंग बनाकर अंदर के ऊतकों को नुकसान पहुँचाने वाला प्रमुख कीट है। इसका मुख्य नुकसान इसकी लार्वा अवस्था में होता है, जब लार्वा तने और शाखाओं के अंदर जाकर लकड़ी एवं संवहन ऊतकों को खा कर खोखला कर देता है। इससे पेड़ में पानी और पोषक तत्वों का प्रवाह प्रभावित होता है तथा शाखाएँ धीरे-धीरे कमजोर और सूखने लगती हैं।

## प्रमुख लक्षण

- तने में छेद बनना -गोंद/भूरे रंग का बुरादा निकलना
- पौधे की पोषक तत्व ग्रहण करने की क्षमता प्रभावित होना
- शाखाओं का धीरे-धीरे सूखना / पेड़ की वृद्धि रुकना
- पत्तियों का पीला पड़ना और मुरझाना
- फल उत्पादन में कमी
- गंभीर अवस्था में पेड़ का धीरे-धीरे सूखना

## हमारा समाधान

1. प्रभावित पेड़ों का वैज्ञानिक तरीके से पेड़ की जांच कर बोरर संक्रमण की पहचान।
2. संक्रमित छिद्रों की पहचान एवं मार्किंग।
3. बोरर को निकालकर प्रभावित भाग की सफाई।
4. ICAR-CISH के SOP के अनुसार वैज्ञानिक की अनुशंसा के अनुसार दवा द्वारा उपचार।
5. उपचार उपरांत छिद्र एवं संक्रमित शाखा का उपचार

## प्रमुख लाभ

- ✓ पेड़ की लंबी आयु और सुरक्षा
- ✓ शाखाओं का सूखना कम होता है
- ✓ गोंद निकलना और छेद की समस्या कम
- ✓ उत्पादन और गुणवत्ता में वृद्धि
- ✓ पर्यावरण अनुकूल एवं सुरक्षित समाधान




बोरर रोग से प्रभावित पेड़




स्वस्थ, हरा-भरा एवं उत्पादक पेड़

अपने बाग की उत्पादकता बढ़ाइए!
आज ही Meta Agro की
सेवा का लाभ उठाइए।

**9236757677 , 9236727374**

किसान चौपाल, मेटा एग्रीटेक प्रा. लि.
रहमानखेड़ा, मलिहाबाद, लखनऊ

META AGRO APP
Scan to Download

MetaAgro iFarm App • Smart Farming Partner

तकनीकी सहयोग – ICAR - केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमान खेड़ा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
सहयोगी संस्था – अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति, नवीपनाह, मलिहाबाद, लखनऊ

# उकठा रोग प्रबंधन

"मुरझाता पेड़ नहीं
समय पर वैज्ञानिक प्रबंधन।"



**पेड़ सूखने का इंतजार न करें। शुरुआती लक्षणों की पहचान, मिट्टी-जड़ परीक्षण और वैज्ञानिक प्रबंधन से प्रभावित पेड़ों को समय पर संभालें।**

उकठा रोग आम के बागों में होने वाला एक गंभीर जड़ जनित फफूंद रोग है। इसमें रोगकारक फफूंद मुख्य रूप से जड़ों को संक्रमित करती है और धीरे-धीरे मुख्य तने तथा शाखाओं तक पहुँचती है। प्रारंभिक अवस्था में जड़ों के अंदर संक्रमण होने के कारण रोग की पहचान आसानी से नहीं हो पाती। जब जड़ों को काफी नुकसान हो जाता है, तब पत्तियों और शाखाओं पर इसके लक्षण दिखाई देने लगते हैं। इसलिए रोग की प्रारंभिक पहचान एवं समय पर प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है।

**नोट : आम में विल्टिंग / डायबैक एक गंभीर फफूंद जनित रोग है। जैविक प्रकृति का होने के कारण संक्रमण अधिक होने पर इसका रोकथाम कभी-कभी संभव नहीं हो पाता, जिसके लिए कंपनी जिम्मेदार नहीं होगी।**

## प्रमुख लक्षण

- पेड़ की एक या अधिक शाखाओं का अचानक सूखना।
- ऊपरी टहनियों का सूखना और पत्तियों का गिरना।
- संक्रमित पेड़ों का अचानक पूरी तरह सूख जाना।
- सूखी पत्तियाँ लंबे समय तक पेड़ पर लगी रहना।
- बीटल कीट के प्रकोप से आंटे जैसा महीन बुरादा दिखाई देना
- तने एवं निचली शाखाओं से गोंद का स्राव होना।
- संक्रमित लकड़ी का रंग स्लेटी-भूरा, काला होना।
- संक्रमण के कारण पेड़ की वृद्धि एवं उत्पादन में कमी।
- पेड़ 2-4 वर्षों में कमजोर होकर पूरी तरह सूख सकता है।
- फल उत्पादन एवं गुणवत्ता मे कमी

## हमारा समाधान : बैज्ञानिक और सुरक्षित

1. प्रभावित पेड़ों का वैज्ञानिक तरीके से निरीक्षण कर रोग की स्थिति का आकलन



2. पेड़ों की जड़ों एवं मिट्टी की जाँच कर संक्रमण के स्तर का आकलन



3. सूखी एवं संक्रमित शाखाओं की वैज्ञानिक तरीके से छंटाई



4. ICAR-CISH के SOP के अनुसार अनुशंसित फफूंदनाशी एवं जैविक एजेंट का जड़ क्षेत्र में ड्रेंचिंग द्वारा प्राथमिक उपचार



5. प्राथमिक उपचार के 6 महीने उपरांत फफूंदनाशी एवं जैविक एजेंट का जड़ क्षेत्र में ड्रेंचिंग द्वारा उपचार






उकठा रोग से प्रभावित पेड़




स्वस्थ, हरा-भरा एवं उत्पादक पेड़

## उकठा रोग प्रबंधन के लाभ

- जड़ों का स्वास्थ्य सुधरता है एवं रोग का नियंत्रण होता है
- पेड़ों की वृद्धि एवं उत्पादकता में सुधार
- फल उत्पादन एवं गुणवत्ता में वृद्धि
- पेड़ों का जीवनकाल बढ़ता है एवं बाग दीर्घकालिक रुप से लाभकारी बनता है
- आसपास के पौधों में रोग फैलाव कम होता है


अपने बाग की उत्पादकता बढ़ाइए!
आज ही Meta Agro की
सेवा का लाभ उठाइए।

**9236757677 , 9236727374**

किसान चौपाल, मेटा एग्रीटेक प्रा. लि.
रहमानखेड़ा, मलिहाबाद, लखनऊ

META AGRO APP
Scan to Download
MetaAgro iFarm App • Smart Farming Partner



तकनीकी सहयोग - ICAR - केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमान खेड़ा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
सहयोगी संस्था - अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति, नवीपनाह, मलिहाबाद, लखनऊ

metagro

# बागों में अन्तः फसल खेती की सलाह

आम से वर्ष में एक मुख्य आय से किसानों की आय सीमित होना



आम के बागों में छँटाई के बाद पेड़ों के बीच पर्याप्त खाली स्थान, धूप एवं हवा का बेहतर संचार हो जाता है। इस उपलब्ध स्थान एवं संसाधनों का वैज्ञानिक एवं उचित उपयोग कर अन्तःफसल की खेती करें और बाग से अतिरिक्त आय प्राप्त करें।

## प्रमुख लक्षण

- आम से वर्ष में एक मुख्य आय से किसानों की आय सीमित होना
- बागों में पेड़ों के बीच उपलब्ध खाली स्थान का उपयोग न हो पाना
- उपयुक्त अन्तःफसल का चयन एवं वैज्ञानिक खेती की जानकारी का अभाव
- अन्तःफसल का बीज एवं बाजार न मिल पाना
- गलत फसल या गलत प्रबंधन से उत्पादन प्रभावित होना

## हमारा समाधान

1. **बाग का निरीक्षण**
   पेड़ों की दूरी, उम्र, कैनोपी, धूप, मिट्टी एवं उपलब्ध स्थान का आकलन।
2. **अन्तःफसल का चयन**
   उपयुक्त अन्तःफसल के चयन की सलाह।
3. **गुणवत्तापूर्ण बीज एवं रोपण सामग्री**
   उच्च गुणवत्ता वाले बीज/रोपण सामग्री की सलाह।
4. **वैज्ञानिक फसल प्रबंधन**
   बुवाई, पोषण, सिंचाई एवं कीट रोग प्रबंधन के लिए सलाह।
5. **विशेषज्ञ मार्गदर्शन एवं निगरानी**
   अन्तःफसल की स्थिति की निगरानी एवं सलाह।

## प्रमुख लाभ

- ✓ आम के बाग से अतिरिक्त आय
- ✓ भूमि एवं उपलब्ध संसाधनों का उपयोग
- ✓ मिट्टी में नमी का संरक्षण
- ✓ खरपतवार नियंत्रण में सहायता
- ✓ बाग की भूमि की उत्पादकता में वृद्धि







अपने बाग की उत्पादकता बढ़ाइए!
आज ही Meta Agro की
सेवा का लाभ उठाइए।

**9236757677 , 9236727374**

किसान चौपाल, मेटा एग्रीटेक प्रा. लि.
रहमानखेड़ा, मलिहाबाद, लखनऊ

META AGRO APP
Scan to Download

MetaAgro iFarm App • Smart Farming Partner

**तकनीकी सहयोग – ICAR - केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमान खेड़ा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश**

**सहयोगी संस्था – अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति, नवीपनाह, मलिहाबाद, लखनऊ**

metagro

# वैज्ञानिक बाग स्थापना

"सही पौधा, सही दूरी, सही प्रबंधन सफल बाग की नींव।"



बाग  वर्षों के लिए बनता है इसकी शुरुआत भी वैज्ञानिक होनी चाहिए। उपयुक्त पौध चयन से लेकर पौध रोपण एवं शुरुआती प्रबंधन तक, वैज्ञानिक योजना के साथ अपने नए बाग की मजबूत नींव तैयार करें।

वैज्ञानिक तरीके से नए बाग की स्थापना की संपूर्ण सेवा प्रदान की जाती है। इसमें उपयुक्त फल प्रजाति एवं किस्म का चयन, गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री, वैज्ञानिक बाग लेआउट, मृदा परीक्षण, गड्डे की तैयारी एवं उचित तरीके से पौध रोपण तक तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाता है।

## प्रमुख लक्षण

- क्षेत्र एवं बाजार के अनुसार फल एवं किस्म का चयन न कर पाना
- गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित पौध सामग्री की उपलब्धता में कठिनाई
- बाग का वैज्ञानिक लेआउट एवं पौधों की उचित दूरी निर्धारित न होना
- मिट्टी की सुधार एवं उपचार की उचित जानकारी का अभाव
- सिंचाई, जल निकास, पोषण एवं शुरुआती पौध प्रबंधन की उचित योजना का अभाव
- गलत तरीके से पौध रोपण करने से पौधों की वृद्धि एवं भविष्य की उत्पादकता प्रभावित होना

## हमारा समाधान

1. **फल प्रजाति एवं किस्म का चयन**
   क्षेत्र, मिट्टी, जलवायु एवं बाजार की आवश्यकता के अनुसार किस्म का चयन।
2. **मृदा परीक्षण एवं भूमि तैयारी**
   मृदा परीक्षण, गड्डे की तैयारी एवं भूमि प्रबंधन की सलाह।
3. **गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री एवं वैज्ञानिक लेआउट**
   गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री के चयन एवं वैज्ञानिक लेआउट तैयार करना।
4. **वैज्ञानिक पौध रोपण एवं प्रारंभिक प्रबंधन**
   उचित समय एवं विधि से पौध रोपण तथा सिंचाई, पोषण सलाह।
5. **तकनीकी सलाह**
   कैनोपी विकास एवं समय-समय पर विशेषज्ञ की सलाह।

## प्रमुख लाभ

- सही फसल एवं किस्म का चयन
- पौधों की बेहतर वृद्धि एवं स्वस्थ बाग की स्थापना
- भूमि, पानी एवं अन्य संसाधनों का बेहतर उपयोग
- शुरुआती वर्षों में पौधों के बेहतर विकास में सहायता
- दीर्घकालिक रुप से बेहतर उत्पादन, गुणवत्ता एवं लाभ



पहले



बाद में

अपने बाग की उत्पादकता बढ़ाइए!
आज ही Meta Agro की
सेवा का लाभ उठाइए।

**9236757677 , 9236727374**

किसान चौपाल, मेटा एग्रीटेक प्रा. लि.
रहमानखेड़ा, मलिहाबाद, लखनऊ

META AGRO APP
Scan to Download

MetaAgro iFarm App • Smart Farming Partner

तकनीकी सहयोग – ICAR - केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमान खेड़ा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
सहयोगी संस्था – अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति, नवीपनाह, मलिहाबाद, लखनऊ

metagro

# वैज्ञानिक बाग प्रबंधन सेवा

"वैज्ञानिक प्रबंधन से स्वस्थ बाग, बेहतर फल और बेहतर बाजार"



बाग के लिए 12-महीने की सम्पूर्ण वैज्ञानिक बाग प्रबंधन सेवा, जिसमें बाग निरीक्षण, पोषण, सिंचाई, कैनोपी प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन, फसल उत्पादन एवं गुणवत्ता प्रबंधन से लेकर बाजार एवं निर्यात की तैयारी तक संपूर्ण प्रबंधन एवं तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

## प्रमुख समस्याऐं

- वैज्ञानिक जानकारी के अभाव में समयबद्ध बाग प्रबंधन में कठिनाई
- कीट एवं रोगों की सही पहचान व समय पर नियंत्रण का अभाव
- कीटनाशक/फफूंदनाशी के सही चयन, मात्रा व समय की जानकारी की कमी
- फल की गुणवत्ता एवं उत्पादन में अपेक्षित सुधार न होना
- बैगिंग, तुड़ाई एवं तुड़ाई उपरांत प्रबंधन की जानकारी का अभाव
- बाग की गतिविधियों की निगरानी व प्रबंधन के लिए समय की कमी

## हमारा समाधान

1. **नियमित बाग निरीक्षण एवं योजना**
   नियमित निरीक्षण कर आवश्यक कार्यों की प्राथमिकता एवं समय-सारणी तैयार करना।
2. **पोषण एवं सिंचाई प्रबंधन**
   मृदा जांच, पोषण प्रबंधन तथा उचित सिंचाई एवं जल प्रबंधन की सलाह।
3. **कैनोपी, कीट एवं रोग प्रबंधन**
   वैज्ञानिक कैनोपी प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन की सलाह।
4. **उत्पादन एवं गुणवत्ता प्रबंधन**
   फूल, फल सेटिंग, फल विकास, फल सुरक्षा का वैज्ञानिक प्रबंधन सलाह।
5. **तुड़ाई उपरांत प्रबंधन एवं बाजार की सलाह**
   तुड़ाई उपरांत प्रबंधन, बाजार एवं निर्यात हेतु सलाह।

## प्रमुख लाभ

- ✓ पूरे वर्ष वैज्ञानिक एवं समयबद्ध बाग प्रबंधन
- ✓ उत्पादन एवं फल गुणवत्ता में सुधार
- ✓ खाद एवं उर्वरक, पेस्टिसाइड का संतुलित एवं प्रभावी उपयोग
- ✓ बाग प्रबंधन का समय एवं श्रम कम करने में सहायता
- ✓ बेहतर बाजार मूल्य एवं आय के अवसर







अपने बाग की उत्पादकता बढ़ाइए!
आज ही Meta Agro की
सेवा का लाभ उठाइए।

**9236757677 , 9236727374**

किसान चौपाल, मेटा एग्रीटेक प्रा. लि.
रहमानखेड़ा, मलिहाबाद, लखनऊ

META AGRO APP
Scan to Download

MetaAgro iFarm App • Smart Farming Partner

तकनीकी सहयोग – ICAR - केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमान खेड़ा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
सहयोगी संस्था – अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति, नवीपनाह, मलिहाबाद, लखनऊ

metagro

# कवच फल सुरक्षा बैग

"फल को पेड़ पर सुरक्षित रखें- बेहतर गुणवत्ता और बेहतर बाजार मूल्य पाए"



भारत का अत्याधुनिक एवं विश्वसनीय कवच बैगिंग तकनीक फलों को पेड़ पर ही बाहरी वातावरण, कीट एवं रोगों से होने वाली क्षति से बचाने तथा फल की गुणवत्ता, रंग एवं बाजार योग्यता में सुधार करने की एक बैज्ञानिक फल सुरक्षा तकनीक है।



आम



अमरुद



केला



लीची



सेब



अनार



ड्रैगन फ्रूट



अंगूर



नाशपाती



सीताफल

## कवच बैगिंग के प्रमुख लाभ

- फल को पेड़ पर सुरक्षित रखने में सहायता
- कीटनाशक अवशेषों को कम करने वाली समेकित फल सुरक्षा रणनीति में सहायक
- कीट एवं रोगों से होने वाली फल क्षति में कमी
- प्रीमियम गुणवत्ता वाले फलों के उत्पादन में सहायता
- फल पर दाग-धब्बों एवं बाहरी क्षति को कम करने में सहायता
- ग्रेडिंग एवं बाजार में बेहतर प्रस्तुति
- फल के रंग, आकार एवं गुणवत्ता में सुधार
- बेहतर गुणवत्ता के कारण बेहतर बाजार मूल्य प्राप्त करने की संभावना






पहले



बाद में

अपने बाग की उत्पादकता बढ़ाइए!
आज ही Meta Agro की
सेवा का लाभ उठाइए।

**9236757677 , 9236727374**

किसान चौपाल, मेटा एग्रीटेक प्रा. लि.
रहमानखेड़ा, मलिहाबाद, लखनऊ

META AGRO APP
Scan to Download

MetaAgro iFarm App • Smart Farming Partner

**तकनीकी सहयोग – ICAR - केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमान खेड़ा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश**

**सहयोगी संस्था – अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति, नवीपनाह, मलिहाबाद, लखनऊ**

metagro

# प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन सेवा

ज्ञान से समृद्धि की ओर



### आधुनिक बागवानी तकनीक के साथ

किसानों, विद्यार्थियों, FPO एवं बागवानी विशेषज्ञों के लिए बागवानी की नवीनतम तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं खेत पर प्रदर्शन प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण के साथ वास्तविक किसान के खेत पर तकनीक का प्रदर्शन किया जाता है, जिससे प्रतिभागी तकनीक की प्रक्रिया, उपयोगिता एवं व्यावहारिक परिणाम को समझकर उसे अपनाने में सक्षम हो सकें।

- **किसानों को आधुनिक बागवानी तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण न मिल पाना।**
- **नवीनतम तकनीकों एवं वैज्ञानिक विधियों की जानकारी का अभाव।**
- **तकनीक का वास्तविक खेत में कैसे और कब उपयोग करें, इसकी जानकारी न होना।**
- **किसानों को तकनीक के व्यावहारिक लाभ एवं सीमाओं का प्रत्यक्ष अनुभव न मिल पाना।**
- **विद्यार्थियों एवं बागवानी विशेषज्ञों को फील्ड-आधारित सीखने के सीमित अवसर।**
- **नई तकनीकों को अपनाने में तकनीकी मार्गदर्शन एवं विशेषज्ञ सहायता की कमी।**

## हमारा समाधान : प्रशिक्षण + खेत पर प्रदर्शन

### आधुनिक बागवानी तकनीकों का प्रशिक्षण

**आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण**
किसानों, विद्यार्थियों एवं बागवानी विशेषज्ञों की आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण

**प्रशिक्षण के साथ व्यावहारिक प्रदर्शन**
केवल जानकारी नहीं—किसान के खेत पर तकनीक का वास्तविक प्रदर्शन एवं प्रक्रिया की जानकारी

**विशेषज्ञ मार्गदर्शन**
प्रशिक्षित तकनीकी टीम एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा तकनीक के सही उपयोग, सावधानियों एवं प्रबंधन की जानकारी



कीट एवं रोग प्रबंधन



वैज्ञानिक बाग प्रबंधन



बैगिंग तकनीक



कैनोपी प्रबंधन



ग्राफ्टिंग तकनीक



अंतः क्रॉपिंग



मृदा एवं पोषण प्रबंधन



अपने बाग की उत्पादकता बढ़ाइए!
आज ही Meta Agro की
सेवा का लाभ उठाइए।

**9236757677 , 9236727374**

किसान चौपाल, मेटा एग्रीटेक प्रा. लि.
रहमानखेड़ा, मलिहाबाद, लखनऊ

META AGRO APP
Scan to Download
MetaAgro iFarm App • Smart Farming Partner




# सहयोग से – अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति

## नबीपनाह, मलिहाबाद, लखनऊ (उ.प्र.)

(Meta Agro is Incubated under ABI, ICAR-CISH, Government of India)

**META AGRO APP**
Scan to Download

MetaAgro iFarm App • Smart Farming Partner

## एडवांस बुकिंग करवाएं

# 9236757677, 9236727374 पर कॉल करें।

# META AGRITECH PVT. LTD.

**Head Office : A-533, Urbtech Trade Centre, Sector-132, Noida, (U.P.) -201301**

कार्यालय – किसान चौपाल, मेटा एग्रीटेक प्रा.लि., हबीबपुर, मोटी नीम चौराहा, मैंगो पैक हाउस के सामने, रहमानखेड़ा, मलिहाबाद, लखनऊ – 226102

www.metaagro.co.in sales@metaagro.co.in @metaagroofficial @metaagroofficial sweetsaffron.in